Nai Dunia (Indore), 13th October 2020, Page-5

# आइआइटी के केंद्रीय विद्यालय में 200 विद्यार्थियों का प्रवेश

इंदौर। सिमरोल स्थित आइआइटी इंदौर के कैंपस में शहर के चौथे केंद्रीय विद्यालय के पहले सत्र के लिए प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेश के लिए 200 से ज्यादा विद्यार्थियों के नामों की सूची जारी कर दी गई है। पहली से पांचवीं तक की प्रत्येक कक्षा में 40-40 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है। फिलहाल स्कूल खोलने व कक्षाएं शुरू करने की तारीखों की घोषणा नहीं की गई। आइआइटी के इस केंद्रीय विद्यालय द्वारा जारी सूची के अनुसार पहले ही सत्र में प्रवेश हासिल करने वालों में बाहरी लोगों के बच्चों की संख्या कहीं ज्यादा है बजाय आइआइटी स्टाफ से जुड़े बच्चों के। अगले वर्ष से माध्यमिक स्तर की कक्षाएं भी शुरू हो जाएगी।